7.6 गाईडलाइन के बिन्दु क्रमांक 5.6 में बजट एवं वित्त की समेकित जानकारी जिसके प्रथम भाग में अनावर्तक एवं आवर्तक मद में चालू सत्र में वास्तविक व्यय का विवरण तथा इसी के दूसरे भाग में आगामी वर्ष की कार्ययोजना का अनावर्तक एवं आवर्तक मद में अनुमानित बजट/वित्तीय मांग का वर्णन करना अपेक्षित होता है। इस बिन्दु में अनावर्तक मद में प्रमुख रूप से सिविल कार्य एवं उपकरण मद है। प्रत्येक पांच वर्ष में उपकरण मद में केवल एक बार ही 20 लाख रुपये की राशि भारत सरकार से प्राप्त होने का प्रावधान है। सिविल कार्य में आवश्यकतानुसार प्रत्येक वर्ष प्रस्ताव दिए जा सकते हैं। इस हेतु प्रमुख शर्त यह है कि वित्तीय प्रस्तावों के साथ पी.डब्ल्यू.डी. या अन्य सरकारी ऐजेंसी के इंजीनियर द्वारा अनुमानित लागत के प्रस्ताव व मानचित्र सत्यापित किए हुए होने चाहिए।

7.7 आवर्तक (Recurring) प्रस्तावों में निर्धारित प्रपत्र के बिन्दु 5.5 के सभी नौ उपभागों में प्रस्तावित कार्यों, कार्यक्रमों के अपेक्षित Outcomesअर्थात् इन गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त होने वाले शैक्षिक लाभ/शैक्षिक निहितार्थ का

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

37

वर्णन प्रत्येक उपभाग में प्रस्तावित गतिविधि की प्रकृति के अनुसार लिखा जाना अनिवार्य है।

7.8 वित्तीय प्रस्तावों के प्रथम पृष्ठ के पश्चात् अनावर्तक व आवर्तक राशि जो प्रस्तावित की गई है, उसके एक पृष्ठ के सारांश को दिया जाना अपेक्षित है तथा AWPमें वर्णित प्रस्तावों की अनुक्रमणिका भी मुख्य पृष्ठ के पश्चात् लगाई जानी अपेक्षित है।

7.9 वार्षिक कार्ययोजना में उक्त निर्धारित बिन्दुओं के फार्मेट में अलग–अलग राशि वर्णित करते हुए प्रशिक्षण व शोध हेतु कुल 25 लाख रुपये तथा विविध खर्चों हेतु 12 लाख रुपये एवं वार्षिक वाहन अनुबंध के 3 लाख रुपये इस प्रकार राशि का वर्णन कर रेकरिंग मद में तीन हैड के अन्तर्गत प्रथम संवेतन मद, द्वितीय प्रशिक्षण व शोध मद, तृतीय कंटीजेंसी मय वाहन 15 लाख रुपये के वित्तीय प्रस्ताव बनाए जाना अपेक्षित है।

8. अनावर्तक (Non-Recurring) व्यय संबंधी प्रावधान

8.1 प्रस्तावों में वर्णित अनावर्तक मद में प्राप्त होने वाली उपकरण मद की राशि अधिकतम 20 लाख (प्रत्येक पांच वर्ष में)। नई सीटीई के लिए 30 लाख रुपये उपकरण मद में प्रदान किए जाते हैं।

8.2 नॉन–रेकरिंग प्रस्ताव बनाते समय उपकरण मद हेतु जो सामग्री प्रस्तावित की गई है, उस सामग्री का क्रय/उसे उपलब्ध कराने संबंधी विभागीय लेखा मानदण्ड तथा जी.एफ. एण्ड आर. के लेखा नियमों का पालन करें।

8.3 सिविल कार्य संबंधी व्यय विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुसार किए जाएंगे। सिविल कार्य को पी.डब्ल्यू.डी. एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् की निर्माण संबंधी इंजीनियरिंग शाखा अथवा राज्य सरकार द्वारा भवन निर्माण समिति बनाकर इस कार्य को कराया जा सकता है, जिसमें जी.एफ. एण्ड आर. के लेखा नियमों का पालन करें।

8.4 उपयोगिता प्रमाण–पत्र–अनावर्तक मद में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र विभागीय नियमानुसार उसी वित्तीय वर्ष में जिस वित्तीय वर्ष में राशि व्यय हुई है, इसे दिया जाना अनिवार्य है।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

8.5 सिविल कार्य जिस ऐजेंसी द्वारा किया गया है एवं जिस वर्ष में कार्य पूर्ण किया गया है, उस ऐजेंसी से भवन पूर्ण का प्रमाण–पत्र (Building Completion Certificate) प्राप्त करना तथा भवन का हस्तान्तरण करते हुए इसका हस्तान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है।

8.6 संस्था के सिविल कार्य पर हुए व्यय के संबंध में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र उस ऐंजेंसी से उसी वित्तीय वर्ष में जिसमें Building Completion Certificate दिया गया है, प्राप्त किया जाना संस्थान की जिम्मेदारी है। इस संबंध में आवश्यकतानुसार विभागीय पदाधिकारियों का अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

9. आवर्तक (Recurring) व्यय संबंधी

9.1 संवेतन मद–

9.1.1 संस्थान में क्रमोन्नत होने से पूर्व के पदों (Before Upgradation) को छोड़कर अवशेष क्रमोन्नत के पश्चात् के स्वीकृत पदों (After Upgradation) पर कार्य करने वाले सभी शैक्षिक व गैर–शैक्षिक अधिकारियों, कर्मियों के संवेतन व्यय को अंकित करें।

9.2 प्रशिक्षण, शोध व अन्य गतिविधियाँ–

9.2.1 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले संभागियों का यात्रा व्यय एवं वर्तमान में विभाग द्वारा निश्चित 130 रु. दैनिक भोजन भत्ता तथा 50 रु. प्रति संभागी प्रति शिविर स्टेशनरी व्यय का प्रावधान है।

9.2.2 प्रशिक्षणार्थियों हेतु पठन सामग्री, शिक्षक संदर्शिका, पाठ्यवस्तु की फोटोप्रति, पाठ्यवस्तु संबंधी सी.डी. पर होने वाला वास्तविक व्यय प्रशिक्षण मद में किया जा सकता है।

9.2.3 संभागियों के आवास हेतु निर्मित छात्रावास में स्वच्छता, बिस्तर धुलाई, प्रसाधन सुविधाओं हेतु मंगवाई जाने वाली सामग्री, शीतल व स्वच्छ पेय–जल, दैनिक समाचारपत्र, एल.ई.डी. टी.वी. इत्यादि पर वास्तविक व्यय कंटीजेंसी मद में व्यय हो सकते हैं।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

22

9.3 शोध–

9.3.1 सीटीई संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 05 शोध परियोजनाएँ करनी आवश्यक हैं।

9.3.2 शोध परियोजना के प्रस्ताव प्रतिवर्ष माह अप्रैल में प्राप्त कर गाईडलाइन के अनुसार शोध समिति जिसमें संस्था प्रधान, शोध विभाग प्रभारी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रतिनिधि एवं अन्य सीटीई का एक प्रतिनिधि हो, इस समिति के माध्यम से प्रस्तावों का अनुमोदन अप्रैल माह में ही किया जाना अपेक्षित है।

9.3.3 शोध कार्य प्रत्येक वर्ष मई से प्रारम्भ होकर माह दिसम्बर–जनवरी तक पूर्ण किए जा सकते हैं।

9.3.4 प्रत्येक शोध परियोजना सामान्यतः एक से तीन जिलों को कवर करने वाली अलग–अलग क्षेत्रों के लिए अलग–अलग शोध परियोजनाएं प्रमुख रूप से फॉलो–अप स्टडी प्रशिक्षणोपरान्त आगामी वर्ष में उन संभागियों द्वारा प्रशिक्षण में सीखी गई दक्षताओं का उपयोग कक्षा–कक्ष में किस प्रकार किया जा रहा है, इनका पता लगाने हेतु किए जाते हैं।

9.3.5 प्रत्येक लघु शोध परियेाजनाएं अधिकतम 16 से 20 हजार तक के मध्य हो सकती है।

9.3.6 प्रत्येक शोधार्थी शिक्षक को अपनी शोध परियोजना आवंटित वित्तीय वर्ष में ही अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होती है। प्रत्येक लघु शोध परियेाजनाओं पर अधिकतम 16000 रुपये तक व्यय किया जाए। जिसके व्यय की शर्तों का नमूना निम्नानुसार है:–

Term of Reference (TOR) 2016-17

1. एम.एड. एवं बी.एड. में पढाने वाले संकाय सदस्यों के नाम ही शोध करने के लिए प्रस्तावित हैं।
2. शोध कार्य का प्रारूप :–
   I. Topic
   II. Background
   III. Main Objectives
   IV. Sample - District, Block, School तक की जानकारी दें।
   V. Tool

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

VI. Time Period - 25 April, 2016 to 31 January, 2017
   i. Tool Construction
   ii. Data Collection
   iii. Data Analysis & Report Writing
   iv. Printing/Binding & Submission

शोध समिति के क्षेत्र आवंटन के बाद बजट का व्यय एवं मार्गदर्शिका शोध विभाग द्वारा दी जायेगी। शोध परियोजना के लिए अधिकतम व्यय 16 हजार रुपये रहेगा।

3. राशि का विभाजन निम्न मदों में किया जाएगा –
   1. शोध प्रस्ताव स्वीकृति जारी के समय अनुमानित राशि का – 25%
   2. दत्त संकलन के समय – 25%
   3. दत्त विश्लेषण व रिपोर्ट लेखन एवं टंकण – 25%
   4. रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण के बाद – 25%
   (प्रस्तुत किए बिलों व व्यय के नियमानुसार सत्यापन के पश्चात)

राशि व्यय की शर्तें :–

1. स्वयं संकाय सदस्य द्वारा यात्रा करने पर राज्य सरकार के यात्रा व्यय नियमानुसार जिसमें संबंधित श्रेणी का यात्रा टिकिट संलग्न करना –
   1.1. 10000 से 19000 रुपये मूल वेतन पर incidental charge - 3 P/KM,स्थानीय व्यय 50 x 2 = Rs.100
   1.2. 19000 रुपये से ज्यादा मूल वेतन पर incidental charge- 5 P/KM,स्थानीय व्यय60 x 2 = Rs.120
   1.3. जयपुर नगर निगम की सीमा पर DAदेय नहीं होगा।
   1.4. जयपुर नगर निगम से बाहर गाँवों/शहरों पर नियमानुसार।
   1.5. जयपुर के अतिरिक्त अन्य जिलों में दत्त संकलन के लिए केवल संकाय सदस्य आवश्यकता पडने पर वहां निवास करते है तो उन्हें वास्तविक व्यय की रसीद देने पर (अधिकतम 500 रु.) देय होगा।
   1.6. <u>किसी शोधार्थी/छात्र को भेजने पर –</u>
      i. स्थानीय स्तर पर – केवल 50 x 2 = Rs. 100 यात्रा भत्ता, चाहे वह एक दिन में चार विद्यालयों से दत्त संकलन करे।
      ii. अन्य किसी प्रकार का दैनिक भत्ता/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
      iii. शोधार्थी द्वारा बाहर जाने पर वास्तविक बस/रेल का किराया एवं 110/– रु. D.A.के हिसाब से दैनिक भत्ता देय होगा।
      iv. शहरी क्षेत्रों में विद्यालय तक पहुँचने के लिए 1.50 रु/कि.मी. की दर से रिक्शा भाड़ा देय होगा (जो अधिकतम 20 रु. से अधिक नही होगा)।
      v. संभाग मुख्यालय पर विद्यालय स्थल तक पहुँचने पर निर्धारित 25 रु. ही देय होगा।
      vi. ग्रामीण विद्यालय तक पहुँचने पर किसी प्रकार का रिक्शा भाडा देय नही होगा।
      vii. संकाय के शोध प्रतिनिधियों को दैनिक भत्ता संबंधित विद्यालय से उपस्थिति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगा।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

1.7. प्रत्येक प्रोजेक्ट से संबंधित संकाय सदस्य को अपने प्रतिवेदन की 2 सी.डी. भी देनी अनिवार्य होगी जिसका अधिकतम व्यय 25/– रु. होगा।

1.8. शोधकर्ता का मुख्य प्रतिवेदन/रिपोर्ट सहित कॉपिया निर्धारित समय तक ही देय होगी।

1.9. प्रोजेक्ट कार्य हेतु प्रश्नावली/अवलोकन पत्र आदि उपकरणों की एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट की फोटोकॉपी हेतु रु. 1.50/– प्रति कॉपी राशि देय होगी।

1.10. शोध परियोजना कार्य हेतु शोधार्थी द्वारा स्थायी सामग्री जैसे–पुस्तकें, स्टेपलर इत्यादि क्रय किए जाने पर शोध पश्चात् महाविद्यालय में जमा करानी होगी।

1.11. प्रश्नावली आदि उपकरण एवं रिपोर्ट कार्य के टंकण हेतु अधिकतम व्यय 15 रु./पृष्ठ प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार ही देय होगा।

1.12. प्रोजेक्ट में दत्त विश्लेषण को प्रदर्शित करने के लिए निर्मित पाई चार्ट ग्राफ या अन्य एवं मुख्य पृष्ठ के निर्माण की प्रथम प्रति (रंगीन) ग्लोसी शीट या अन्य 130 जी.एस.एम से अधिक हेतु अधिकतम राशि 15 रु./पृष्ठ तथा डायमण्ड अथवा 75 GSM से अधिक के पेपर हेतु 10 रु./पृष्ठ देय होगी।

1.13. रंगीन पृष्ठों को फोटो स्टेट डायमण्ड अथवा 75 GSM से अधिक का पेपर लें जिसकी अधिकतम व्यय राशि 10 रु./पृष्ठ देय होगी।

1.14. यदि किसी प्रोजेक्ट कार्य में शोधार्थी आवश्यक समझता है कि अपने कैमरे में कुछ फोटो खींचकर प्रोजेक्ट कार्य में लगाई जाए तो इस हेतु 10 रु./फोटो का व्यय ही अधिकतम देय होगा।

1.15. बाइंडिंग के लिए अधिकतम राशि 20 रु. है।

1.16. जयपुर व कैचमेंट एरिया के अन्य जिलों के लिए ऑन साइट सपोर्ट (लैब एरिया गतिविधि) के लिये संकाय सदस्यों को संस्था के किराये के वाहन का उपयोग करना है। यदि किन्हीं कारणों से वाहन उपलब्ध नहीं होता है तो जयपुर जिले के लिये स्थानीय कन्वेंस अधिकतम 60 x 2 = Rs.120 तथा अन्य जिलों के लिये राज्य सरकार के नियमानुसार यात्रा भाड़ा देय होगा। लैब एरिया के विद्यालयों के सभी प्रभारी संकाय सदस्यों को लैब एरिया के प्रस्तावों के साथ ही इसकी कार्ययोजना मय तिथियाँ व समय तैयार करके देनी होगी।

1.17. शोधार्थी द्वारा जिन विद्यालयों से दत्त संकलन का कार्य किया है। विद्यालयों की सूची संस्था प्रधान के नाम व फोन नं सहित परिशिष्ट में लगायें।

1.18. दत्त संकलन के लिये यात्रा भत्ते तथा सर्वेक्षण की तिथियों के सत्यापन संबंधी समस्त जिम्मेदारी संबंधित शोधार्थी/संकाय सदस्य की होगी।

1.19. परियोजना जमा करने के सात दिवसों के भीतर समस्त प्रकार के व्यय के बिल–बाउचर कार्यालय में जमा कराने अनिवार्य होंगे।

नोट :

1. शोधार्थी द्वारा शोध परियोजना कार्य में अधिकतम व्यय राशि 16000 रु. होगी तथा शेष बची राशि महाविद्यालय में जमा करवानी होगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी का व्यय होता है तो अतिरिक्त व्यय राशि का भुगतान महाविद्यालय द्वारा नहीं किया जा सकेगा।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj.)

2. उपरोक्त शर्तों के अन्तर्गत दैनिक यात्रा भत्ते के संबंध में राज्य सरकार के संशोधित आदेश 08 मई, 2012 के अनुसार भुगतान किया जायेगा।
3. शोध प्रस्ताव अनुमोदित होने के पश्चात् समय–समय पर अपनी शोध प्रगति के संबंध में जानकारी शोध एवं प्रकाशन विभाग एवं शोध समिति को देनी होगी।
4. यदि किसी कारणवश किसी संकाय सदस्य द्वारा अपनी शोध परियोजना कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो उसके द्वारा ली गई समस्त राशि संबंधित संस्थान में जमा करानी होगी।

9.3.7 प्रत्येक शोधार्थी शिक्षक को कम–से–कम इस प्रतियों में अपना शोध प्रतिवेदन सीटीई के शोध विभाग को देना चाहिए, जिसे संस्थान द्वारा अलग–अलग शैक्षिक निकायों को भिजवाया जाए तथा एक प्रति शोधार्थी को, एक प्रति पुस्तकालय को, दो प्रतियां शोध विभाग को, अन्य प्रतियां एसआईईआरटी, निदेशालय, सचिवालय, शिक्षक शिक्षा विभाग, एमएचआरडी को प्रतिवर्ष शोध अध्ययनों की भिजवाई जानी चाहिए।

9.3.8 शोध कार्यों के व्यय की पुष्टि हेतु विभाग के अन्य अभिकरणों को किए गए शोध कार्यों के प्रतिवेदन की प्रतियां निम्नांकित अभिकरणों को प्रतिवर्ष भिजवाना अनिवार्य है–एसआईईआरटी, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, आईएएसई, माध्यमिक शिक्षा ग्रुप–प्रथम शासन सचिवालय, निदेशक शिक्षक शिक्षा एमएचआरडी शास्त्री भवन, नई दिल्ली तथा आपके स्वयं के संस्थान के पुस्तकालय की प्रति।

9.4 <u>ऑन–साइट सपोर्ट गतिविधि</u>–सीएसएस के पदों पर कार्यरत सभी संकाय सदस्यों को अपने–अपने विषय में आस–पास के राजकीय विद्यालयों की कक्षा 8वीं से 10वीं को पढ़ाने वाले वरिष्ठ अध्यापकों को अकादमिक सहायता व सम्बलन तथा विद्यार्थियों को सहायता व सम्बलन देने के लिए प्रत्येक विषय में कम–से–कम प्रत्येक संकाय सदस्य को न्यूनतम तीन माह तक विद्यालय की उस कक्षा के कालांश में नियमित अवलोकन व सम्बलन प्रदान करें।

9.4.1 कम–से–कम एक सीटीई को 05 से 10 ऑन–साइट सपोर्ट गतिविधियां सम्पादित करनी चाहिए। प्रत्येक ऑन–साइट सपोर्ट गतिविधि का प्रतिवेदन लघु शोध परियोजना के अनुरूप तैयार कर संस्थान के शोध विभाग को प्रस्तुत करना चाहिए।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

9.4.2 प्रत्येक ऑन–साइट सपोर्ट गतिविधि का बजट 16 से 18 हजार रुपये के मध्य रखा जा सकता है। इस राशि में विद्यार्थियों के लिए डिक्शनरी, अध्यापक के लिए सहायक सामग्री, विद्यार्थी/विद्यालय के लिए आवश्यकतानुसार कोई सामग्री/साधन उपलब्ध कराना तथा प्रतिवेदन तैयार करने पर होने वाले व्यय इस मद में व्यय हो।

9.5 लैब एरिया गतिविधि–आस–पास के राजकीय विद्यालयों में नवाचारों एवं शैक्षिक उन्नयन के कार्यक्रमों के प्रयोग एवं वास्तविक स्थितियों में नवाचारों की पहल नियमित रूप से संकाय सदस्यों द्वारा की जा सकती है। इस हेतु भी आवश्यकतानुसार प्रत्येक गतिविधि के लिए 5–10 हजार रुपये के मध्य व्यय किया जा सकता है तथा इसका भी प्रतिवेदन विभाग को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

9.6 प्रकाशन–

9.6.1 त्रैमासिक न्यूज बुलेटिन–प्रत्येक सीटीई को भारत सरकार के मानदण्डानुसार विभागीय त्रैमासिक न्यूज बुलेटिनका प्रकाशन करना अनिवार्य है। इस न्यूज बुलेटिन में कराई जा रही शैक्षिक व सह–शैक्षिक गतिविधियों का नियमित प्रसारण एवं आगामी कार्यक्रमों का विवरण इत्यादि का नियमित प्रचार–प्रसार एवं अन्य संस्थाओं से लिंकेज निरन्तर बनाएँ।

न्यूज बुलेटिन की प्रसार संख्या आवश्यकतानुसार 200 से लेकर 1000 प्रतियों तक प्रत्येक तीन माह की हो सकती है। बशर्ते कि यह न्यूज बुलेटिन राज्य के सभी सीएसएस संस्थानों, केचमेंट एरिया के जिलों के राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को प्रत्येक तीन माह में डाक से नियमित प्रेषित किए जाएं। प्रतियों की प्रसार संख्या के अनुरूप तथा न्यूज लैटर के पृष्ठों के अनुरूप इसका व्यय किया जा सकता है। यदि A4आकार का चार पृष्ठीय बहुरंगी न्यूज लैटर 170 GSM आर्ट पेपर पर प्रकाशित कराया जाता है तो 300 प्रतियों तक का अधिकतम व्यय 2200–2300 रुपये हो सकता है। संस्था अपनी गतिविधियों व कार्यक्रमों के अनुरूप न्यूज लैटर के पृष्ठों को आठ रख सकती है एवं इसकी प्रसारण संख्या भी

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj.)

आवश्यकतानुसार बढ़ा सकती है, उसी अनुरूप इस पर व्यय की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

9.6.2 ब्राउशर–संस्थाओं को अपने कार्यों की उपलब्धि को सारांश में प्रतिवर्ष प्रदर्शित करने, प्रचार–प्रसार करने हेतु बहुरंगी ब्राउशर का वार्षिक प्रकाशन नियमित रूप से करना चाहिए। ब्राउशर का अधिकतम आकार 11.5" x 17" तथा थ्री फोल्ड बहुरंगी ब्राउशर 170 GSM आर्ट पेपर पर प्रकाशित कराया जाता है तो 1000 प्रतियों तक का अधिकतम व्यय 4500 रुपये आ सकता है। इसे संस्थान के प्रचार–प्रसार हेतु गाईडलाइन के अनुसार प्रकाशित कराएँ।

9.6.3 शिक्षक संदर्शिका–सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले पंचांग में पूर्व में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2004–05 में शिक्षा विभाग को अन्य सामाजिक व शैक्षिक पक्षों पर शिक्षकों के सरोकार रखे जाने के संबंध में कुछ क्षेत्रों को की ज़ानकारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में विभाग प्रतिवर्ष उन शैक्षिक क्षेत्रों की जानकारी जैसे–मूल्य शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, आपदा प्रबंधन, बाल अधिकार इत्यादि 20 क्षेत्र हैं। इन पर संक्षिप्त शिक्षक संदर्शिका एवं आई.सी.टी., कम्प्यूटर, शैक्षिक तकनीकी संबंधी शिक्षक संदर्शिकाओं को तैयार कराकर प्रतिवर्ष आने वाले शिक्षकों को पठन सामग्री के रूप में दी जाए।

पठन सामग्री/शिक्षक संदर्शिकाएं छोटी–छोटी पुस्तिकाओं जिसका सामान्य आकार 5.25" x 8.25" तथा औसतन पृष्ठ 40 से 72 हो सकते हैं। उदाहरण के लिए उक्त आकार की 40 पृष्ठीय 500 पुस्तिकाएँ जिसमें बहुरंगी कवर पेज 300 GSM आर्ट पेपर एवं अन्दर के श्वेत–श्याम पृष्ठ 90 GSM पर प्रकाशित कराने का अधिकतम व्यय 14000 रुपये आ सकता है।

9.7 शैक्षिक क्रियात्मक शोध–संस्थान को प्रतिवर्ष क्रियात्मक अनुसंधान को व्यावहारिक रूप से कराने हेतु विद्यालयों के वरिष्ठ अध्यापकों के साथ–साथ डाईट संकाय सदस्यों को सहायता प्रदान करें।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj.)

9.7.1 न्यूनतम 15 से 20 संकाय सदस्य शिक्षकों को क्रियात्मक अनुसंधान हेतु उनके विद्यालय व क्षेत्र की समस्याओं का चिह्नीकरण कार्यशाला में कर उनसे व्यावहारिक अनुसंधान कराया जा सकता है। प्रत्येक क्रियात्मक अनुसंधान करने वाले प्रत्येक सदस्य को इस संबंध में स्टेशनरी एवं प्रतिवेदन लेखन हेतु आर्थिक सहायता 2500 रुपये तक प्रदान की जा सकती है।

9.7.2 इस प्रकार के क्रियात्मक अनुसंधानों का अभिलेख शोध करने वाले अध्यापक के विद्यालय एवं सीटीई संस्थान के शोध विभाग में रहना चाहिए तथा इन्हें प्रोत्साहन देने हेतु विभाग की शिविरा पत्रिका साथ अन्य विभागीय पत्रिकाओं में इसका सारांश भी प्रकाशित कराएँ।

9.8 <u>राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन</u>–सीटीई संस्थाओं को वर्ष में कम–से–कम दो–तीन कार्यशालाओं का आयोजन करना चाहिए। राष्ट्रीय कार्यशाला में सीएसएस से जुड़ी राज्य की संस्थाओं के साथ–साथ देश के अन्य भौगोलिक दृष्टि से प्रतिनिधित्व करने हेतु न्यूनतम 25 प्रतिशत राज्यों का प्रतिनिधित्व रखते हुए इसका आयोजन करना चाहिए। इस कार्यशाला में अधिकतम दस बाहरी विशेषज्ञों को रमसा द्वारा निर्धारित मानदेय 1000 रुपये प्रति दिवस व यात्रा भाड़ा विभागीय नियमानुसार तथा सीएसएस के संभागियों को यात्रा भाड़ा एवं 1/4 डी.ए. दिए जाएँ।

9.8.1 इसी प्रकार अन्य शैक्षिक मुद्दों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में आने वाले अधिकतम पांच विषय विशेषज्ञों को 500 रुपये प्रति दिवस मानदेय व यात्रा भाड़ा विभागीय नियमानुसार तथा सीएसएस के संभागियों को यात्रा भाड़ा एवं 1/4 डी.ए. दिया जाए।

9.8.2 इन कार्यशालाओं का प्रतिवेदन तैयार कर विभागीय संस्थाओं को भिजवाया जावे।

9.9 <u>नवाचार आधारित गतिविधियाँ</u>–

9.9.1 नवाचार आधारित गतिविधियों का प्रमुख उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के विविध पक्षों की गुणवत्ता बढ़ाना है। इसके अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में अनेक प्रकार के व्यावहारिक प्रयोग एवं गतिविधियाँ विषयवार एवं सहगामी क्रियाओं से सम्बद्ध गतिविधियाँ तथा शिक्षण की

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

नई प्रविधियों व युक्तियों संबंधी गतिविधियों एवं प्रयोगों का सतत् क्रियान्वयन करके तथा क्रियात्मक अनुसंधान के साथ इसे जोड़कर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अनेक नई युक्तियों तथा पद्धतियों का सृजन किया जाना चाहिए। जैसे–शिक्षण में निर्मितिवाद तथा विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान सृजन करने संबंधी विविध युक्तियों, व्यूह रचनाओं का प्रयोग प्रदर्शन तथा विद्यार्थियों के साथ सतत् अभ्यास इत्यादि।

9.10 <u>वाहन अनुबंध</u>–

9.10.1 संस्थान द्वारा नियमित रूप से राजकीय विद्यालयों में जाकर की जाने वाली शैक्षिक गतिविधियों एवं शोधकार्यों का प्रभावी निष्पादन करने हेतु 12वीं पंचवर्षीय योजना से वाहन का वार्षिक अनुबंध करने का प्रावधान है। (यदि संस्था को एमएचआरडी से कंटीजेंसी मद की राशि प्राप्त होती है तो)

9.10.2 वार्षिक अनुबंध की शर्तें वित्त विभाग की वेबसाइट www.finance.rajasthan.gov.in पर FD Rules Section में दी गई शर्तों के अनुसार अथवा जिला कलैक्टर कार्यालय में किए जाने वाले वाहन अनुबंध की शर्तों के अनुसार अथवा माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिलों पर ए.डी.पी.सी. रमसा कार्यालय द्वारा किए जाने वाले वाहन अनुबंध की शर्तों के अनुरूप सीटीई संस्थाएँ प्रतिवर्ष वाहन अनुबंध कर सकती हैं।

9.10.3 अनुबंधित किए गए वाहन व्यय का पुनर्भरण प्रशिक्षण मद के अलावा कंटीजेंसी मद में प्राप्त होने वाली राशि से किया जा सकता है। कंटीजेंसी मद की राशि कुल 15 लाख है जिसमें से 3 लाख रुपये वार्षिक वाहन अनुबंध का प्रावधान है।

9.11 <u>आवर्तक (Recurring) व्यय का उपयोगिता प्रमाण–पत्र</u>–

9.11.1 केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत सीटीई संस्थाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम सामान्यतया प्रतिवर्ष मई तृतीय सप्ताह से आगामी वर्ष फरवरी द्वितीय सप्ताह तक संचालित होते हैं। इसी प्रकार की जाने वाली अन्य गतिविधियाँ भी सामान्य रूप से माह फरवरी में सम्पन्न कराएँ।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

9.11.2 संस्थान को प्राप्त होने वाली रेकरिंग राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र सामान्यतया वर्ष में दो बार देना होता है जिसमें प्रथम बार मध्यवर्ती उपयोगिता प्रमाण–पत्र माह अप्रैल से माह अक्टूबर तक का जिसमें प्रथम किश्त में प्राप्त होने वाली रकेरिंग ग्रांट के व्यय के संबंध में वर्णन किया जाता है तथा आगामी छमाही में संभावित अन्य व्ययों को भी इस मध्यवर्ती उपयोगिता प्रमाण–पत्र में वर्णित किया जाना अपेक्षित होता है।

9.11.3 संस्था को प्राप्त होने वाली रेकरिंग राशि की प्रथम व द्वितीय किश्त में राशि यदि वास्तविक व्यय से अधिक प्राप्त हुई है तो उस अधिक राशि को 21 मार्च से पूर्व आपके संबंधित कोषागार में चालान के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य है, जिसका वर्णन रेकरिंग उपयोगिता प्रमाण–पत्र में किया जाना चाहिए।

9.11.4 वार्षिक उपयोगिता प्रमाण–पत्र में संवेतन, प्रशिक्षण, स्टेशनरी, वार्ताकार मानदेय, यातायात, संभागियों व वार्ताकार का टी.ए., डी.ए., शोध व प्रकाशन, वाहन अनुबंध एवं अन्य सभी व्ययों को स्पष्ट रूप से वर्णित करना अनिवार्य है।

9.11.5 वार्षिक उपयोगिता प्रमाण–पत्र वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् अनिवार्य रूप से प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल से पूर्व तैयार कर संबंधित संभाग के शिक्षा उपनिदेशक (माध्य0) के प्रतिहस्ताक्षर कराकर इसे उपनिदेशक (योजना) माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर तथा इसकी एक अग्रिम प्रति उपशासन सचिव शिक्षा ग्रुप–प्रथम शासन सचिवालय को अनिवार्य रूप से भिजवाई जानी चाहिए।

10. अन्य दायित्व

10.1 सेवापूर्व शिक्षक शिक्षा–

10.1.1 बी.एड. व एम.एड. के प्रशिक्षणार्थियों को श्रेष्ठ व निपुण शिक्षक बनाने हेतु शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में गुणवत्ता बढ़ाने के उपाय खोजना एवं उन्हें क्रियान्वित करना।

10.1.2 एम.एड. एवं पीएच.डी. के विद्यार्थियों/शोधार्थियों के लिए शोध दक्षताओं एवं सर्वेक्षणों का अभ्यास तथा शिक्षा शिक्षण की पेडागॉजी

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
S.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

संबंधी अभ्यास कार्य राजकीय विद्यालयों में व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षणार्थियों से कराना।

10.1.3 अनुसंधान की क्षमताओं को विकसित करने हेतु शोध कार्यशाला, सिम्पोजियम, संगोष्ठी, चर्चा, शोध रूपरेखा निर्माण कार्यशाला, संबंधित साहित्य अध्ययन कार्यशाला इत्यादि का नियमित रूप से क्रियान्वयन एवं संचालन।

10.1.4 प्रारम्भिक स्तर के शिक्षक प्रशिक्षकों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विविध कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन करना।

11. सेवारत शिक्षक शिक्षा

11.1 वार्षिक पंचांग के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना

11.1.1 वार्षिक पंचांग के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निरन्तर सम्पर्क कर प्रशिक्षण तिथि से न्यूनतम 60 दिन पूर्व संबंधित संभागी/प्रशिक्षणार्थी के प्रशिक्षण हेतु उपस्थिति देने संबंधी आदेश जारी कराना।

11.1.2 संस्थान में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूची भिजवाए जाने के उपरान्त संस्थान के माध्यम से पुनः संबंधित अध्यापकों को प्रशिक्षण में आमंत्रित करने हेतु पत्राचार करना।

11.1.3 प्रशिक्षण में उपस्थित होने वाले संभागियों एवं अनुपस्थित रहने वाले संभागियों की सूची प्रशिक्षण समाप्ति के दो दिवस के भीतर विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु ई-मेल एवं हार्ड-कॉपी के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रेषित करना।

11.1.4 बी.एड. पाठ्यक्रम से संबंधित विद्यालय आधारित विविध प्रकार की गतिविधियों को छोटे-छोटे समूहों में विद्यालय आवंटित करके उन्हें राधन रूप से कराने का अभ्यास तथा प्रतिवेदन तैयार करना। इसके साथ-साथ विद्यालय के संचालन संबंधी व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M.,Sardarshahr, Churu (Raj)

11.1.5 बी.एड. पाठ्यक्रम के अध्यापन–अभ्यास से पूर्व सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का सघन क्रियान्वयन एवं प्रशिक्षणार्थियों को कौशलों के अभ्यास के अवसर देना।

11.1.6 बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के लिए तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) में प्रशिक्षणार्थियों लघु समूह (15 से 20) बनाकर उन्हें पृथक–पृथक विद्यालयों में इंटर्नशिप हेतु कार्य कराना तथा इस कार्यक्रम का सघन प्रबोधन व मूल्यांकन प्रदान करना।

11.2 <u>मासिक व त्रैमासिक प्रतिवेदन एवं बैठकें</u>

11.2.1 विभाग द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में मांगी जाने वाली वार्षिक सूचनाएँ प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक निर्धारित प्रपत्र में नोडल अधिकारी एवं एसआईईआरटी दोनों को प्रेषित करना।

11.2.2 त्रैमासिक शैक्षिक एवं गतिविधियों संबंधी तथा वित्त व्यय संबंधी सूचनाएँ विभाग को प्रेषित करना।

11.2.3 त्रैमासिक बैठकों में अनिवार्य रूप से भागीदारी देना तथा त्रैमासिक बैठकों के कार्यवृत्त में सुझाए गए बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करना।

11.3 <u>कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) की बैठकें</u>

11.3.1 भारत सरकार की मूल गाईडलाइन के अनुसार पी.ए.सी. समिति का गठन करते हुए वर्ष में दो बार प्रथम बैठक माह जुलाई–अगस्त में व द्वितीय बैठक माह फरवरी में आयोजित करना। दोनों बैठकों में कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा व भावी योजनाओं संबंधी खुली चर्चा एवं समिति द्वारा बताए गए सुझावों का पालना सुनिश्चित करना।

11.3.2 पी.ए.सी. बैठक की सूचना कम से कम 30 दिवस पूर्व जारी करना तथा बैठक में शत–प्रतिशत पदाधिकारी भाग लें, इस हेतु सतत् सम्पर्क व प्रयास करना।

11.3.3 गाईडलाइन के अनुसार पी.ए.सी. का गठन निम्नानुसार हो–

1. Principal, CTE/IASE- Convenor.
2. Representative of all Agencies with whom the institution is expected to have linkage e.g.,

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

(33)

5D

a. Education faculty if the University.
b. SCERT & SIET
c. Divisinoal/Distt. level officers of Education Deptt.
d. Local radio/TV station (wherever applicable and necessary)
e. Principals of DIETs of the districts which the CTE/IASE is expected to serve.
f. Principals of two secondary schools belonging to the districts which the CTE/IASE is expected to serve.

3. Representative of the Client Group and Staff :-
   a. One or two students of the degree/postgraduate courses.
   b. Two teachers who may have undergone an in-service programme in the last one year or who may otherwise ne interested in in-service/continuing education of teachers.
   c. One research scholar working in the institution.
   d. Two representative of the Faculty of the Institution of whom one would be a Professor/Reader and one lecturer.
4. Others
   a. Two eminent educationists/teacher educators/teachers who may be interested in associating themselves with and contributing to the activities of the institution.
   b. One or two representatives of Voluntary Organisations working in the field of education in the distreits concerned.

11.4 <u>राज्य स्तरीय शिक्षक शिक्षा सलाहकार समिति हेतु प्रत्येक छमाही का प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना</u>

11.4.1 भारत सरकार की केन्द्र प्रवर्तित योजनान्तर्गत सीटीई संस्थाओं को दिए गए विभिन्न प्रकार के सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, नवाचार एवं शोध व प्रकाशन तथा अन्य गतिविधियों का छमाही प्रतिवेदन तैयार करते हुए राज्य स्तर पर होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक शिक्षा सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करना। इस पर विचार मंथन करते हुए सलाहकार समिति द्वारा दिए गए सुझावों की पालना में इन कार्यक्रमों को सतत् अद्यतन बनाए रखना अपेक्षित है।

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
G.V.M., Sardarshahr, Churu (Raj)

51

12. मॉनीटरिंग

वार्षिक कार्य योजना एवं संस्थान के कार्यों की प्रगति निम्न प्रपत्रों में मासिक/त्रैमासिक सूचना भिजवाना सुनिश्चित करें–

12.1 योजना मद में–

पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	संवेतन	
		कार्यरत कर्मियों की संख्या	बजट प्रावधान

12.2 मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रशिक्षण एवं गतिविधियाँ

Joint Direc4 (Teachers' Training) Secondary Education Bikaner

Teacher's Training Programmes (Report)

Month : .....

Name of the Institute	Proposed Training Programmes	Conducted Training Programmes	Participants Called In Proposed Training Programmes	Cancelled Training Programmes	Participants Called In Conducted Training Programmes	Participants appeared In Conducted Training Programmes	Absentees In Conducted Training Programmes	Percentage presence In Conducted Training Programmes

क्र.सं.	प्रस्तावित कार्यक्रम	आयोजित कार्यक्रम	प्रस्ता. संभागी सं.	लाभा. संभागी सं.	अनु. संभागी

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन प्रारूप

क्र.सं.	गतिविधि	बजट प्रावधान		व्यय इस माह में.....		व्यय (अब तक)	
		भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय

REGISTRAR
IASE (Deemed to be University)
(22).M.,Sardarshahr, Churu (